www.eyemantra.com

# करोड़ों के ऑर्डर से छोटे उद्यमियों के खिले चेहरे

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो : चौथे दिन मिले 100 करोड़ से ज्यादा के ऑर्डर, पहुंचे 5.5 लाख से ज्यादा लोग, उठाया लुत्फ

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के चौथे दिन शनिवार को रिकॉर्ड दो लाख से ज्यादा भीड़ उमड़ी। चौथे दिन कारोबारियों को 100 करोड़ रुपये से ज्यादा के ऑर्डर मिले।

चार दिन में 5.5 लाख से ज्यादा लोग मेले में आ चुके हैं। लोग मेले की भव्यता और विविधता का भरपूर लुत्फ ही नहीं उठा रहे हैं, बल्कि प्रदेश के विभिन्न जिलों के जायके का आनंद भी ले रहे हैं। छोटे उद्यमी भी बिक्री से उत्साहित हैं। देश-विदेश से करोड़ों के ऑर्डर मिलने से उनके चेहरे खिल उठे हैं।

सीएम योगी का यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के आयोजन का उद्देश्य पूरे प्रदेश के उत्पादों को एक वैश्विक मंच उपलब्ध कराना है। इसी का नतीजा है कि 25 से 27 सितंबर तक तीन दिनों में 50 हजार से ज्यादा बिजनेस टू बिजनेस विजिटर्स और 1.25 लाख बिजनेस टू कंज्यूमर्स ने एक्सपो का दौरा किया है।

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में 2550 एग्जिबिटर्स हिस्सा ले रहे हैं। शनिवार को सूचना विभाग के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने उद्यमियों से मार्केट तक पहुंच और आय में बढ़ोतरी जैसे विषयों की जानकारी ली।



ट्रेड शो में उद्यमियों से फीडबैक लेते प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद। एजेंसी

### हस्तशिल्प और कृषि उत्पादों का क्रेज

मेले में लोगों में हस्तशिल्प, टेक्नोलॉजी, कृषि उत्पाद, वस्त्र और खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित उत्पादों को देखने के प्रति खास क्रेज रहा। जैविक फसल उत्पादों की प्रदर्शनी में फलों, सब्जियों और अनाजों की एक विस्तृत शृंखला है। प्रदेश के पारंपरिक हस्तशिल्प, जैसे मिट्टी के बर्तन, बुनाई और कढ़ाई के सामान भी ध्यान खींच रहे हैं। स्टॉल लगाने वाले आयोजन से काफी खुश हैं। उनका कहना है कि इससे छोटे व्यापारियों को बड़ा मंच ही नहीं मिला, बल्कि उत्पादों को वैश्विक पहचान मिल रही है। ट्रेड शो विदेशी खरीदारों को भी आकर्षित करने में सफल हो रहा है। ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे, क्यूबा, सोमानिया जैसे देशों से करोड़ों के ऑर्डर मिल रहे हैं।

## देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभा रहा यूपी : गोयल

### समापन समारोह में बोले केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

ग्रेटर नोएडा। समापन समारोह में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश बहुमुखी विकास का मॉडल बन गया है। देश को विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाने में सहायक हो रहा है। उन्होंने कहा, इस ट्रेड शो की सफलता उत्तर प्रदेश की बढ़ती हुई ताकत को दर्शाती है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यहां जिस तरह बॉयर्स उत्पादों के प्रति रुचि दिखा रहे हैं, देश के औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई देगा। प्रदेश सरकार जिस तरह कौशल विकास पर फोकस कर रही है, उससे उद्यमियों को कुशल लोगों का फायदा मिल रहा है।

प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा, प्रदेश में आज जिस तरह का माहौल है, उससे निवेशक आकर्षित हो रहे हैं। 2017 में जहां केवल 88 हजार करोड़ का एक्सपोर्ट होता था, आज यह दोगुना से ज्यादा बढ़ चुका है। आने वाले दो वर्षों में एक्सपोर्ट 3 लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य सरकार ने रखा है। 2022 में प्रदेश सरकार ने विभिन्न सेक्टरों के लिए जो पॉलिसी बनाई हैं, निश्चित तौर पर उससे उद्यमियों को लाभ मिलेगा। ब्यूरो



मेले में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल व यूपी के मंत्री राकेश सचान। अमर उजाला

## आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने जीता सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन स्टैंड का खिताब



लखनऊ। प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग को ट्रेड शो में 'सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन स्टैंड' के लिए सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार विभाग द्वारा प्रदर्शित उत्कृष्ट तकनीकी नवाचार, डिजिटल उत्तर प्रदेश की प्रगति और प्रदेश में आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में हुई महत्वपूर्ण उपलब्धियों को मान्यता देता है। यह सम्मान विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर के नेतृत्व में विभाग ने डिजिटल यूपी के लक्ष्य को साकार करने के लिए लगातार प्रयास किए हैं। वहीं उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) को लगातार दूसरे वर्ष सर्वश्रेष्ठ स्टॉल का पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कमार उत्कृष्टता और सौर ऊर्जा परियोजनाओं पर की गई पहल और स्थायी औद्योगिक तंत्र को बढ़ावा देने के लिए दिया गया। ब्यूरो

## मिलेट्स के नमकीन व बिस्कुट बने विदेशियों की पहली पसंद

ग्रेटर नोएडा। मिलेट्स से तैयार नमकीन व बिस्कुट विदेशियों की पहली पसंद बन गए हैं। मेले में सहारनपुर के पुण्य गर्ग ने बताया कि उनकी कंपनी आरएस फूड प्रोडक्ट्स मिलेट्स से बने उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। भारत से अधिक विदेश के लोगों को मिलेट्स से बने नमकीन व बिस्कुट पसंद आ रहे हैं। उन्हें इंडोनेशिया से काफी ऑर्डर मिले हैं। सबसे अधिक दुबई, सुडान में मांग हो रही है। दुबई में यहां के बने रस्क बहुत पसंद किए जा रहे हैं। प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, आधुनिक विकास के चेहरा वाले उपकरणों के बीच मिलेट्स से बने इंस्टेंट फूड भी हैं। इसमें रागी, ज्वार कामबू से बने उत्पाद को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। ब्यूरो

## कौशल विकास मिशन को सर्वश्रेष्ठ स्टॉल का सम्मान, आगंतुकों के बीच बना आकर्षण का केंद्र



लखनऊ। इंटरनेशनल ट्रेड शो में कौशल विकास मिशन को सर्वश्रेष्ठ स्टॉल के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। कौशल विकास मिशन का पवेलियन आगंतुकों के बीच खास आकर्षण का केंद्र बना है। यहां विभिन्न उभरती हुई तकनीक और व्यावसायिक कौशलों का प्रदर्शन किया गया है। शनिवार को केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कौशल विकास मिशन की अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह को सर्वश्रेष्ठ स्टॉल का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। यह पुरस्कार मिशन के उत्कृष्ट प्रदर्शन व युवाओं के कौशल विकास के प्रति बेहतर कार्य का प्रमाण है। ब्यूरो